हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार, 18 जून, 2025

13 जनसंघर्ष समिति ने कार्यकारी अभियंता ....

14 लाठीचार्ज के विरोध में इनसो ने सीबीएलयू को जड़ा ताला


## खबर संक्षेप

### सांसद किरण चौधरी आज सुनेंगी समस्याएं

**तोशाम।** राज्यसभा सांसद किरण चौधरी 18 जून बुधवार को तोशाम क्षेत्र के चार गांवों का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनने उपरान्त चौपाल कार्यक्रम के जरिये 11 वर्षो में प्रधानमंत्री मोदी की कारगर नीतियों बारे लोगों को जागरूक करेंगी। उपायुक्त कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार राज्यसभा सांसद किरण चौधरी बुधवार को तोशाम क्षेत्र के ईशरवाल में 11 बजे, रोढा में 11:40, हसान में 12:20 और ढागंर में दोपहर 01:40 बजे गांव का दौरा कर लोगों की समस्या सुनेंगी।



**बवानीखेड़ा।** नगर पालिका सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए नपा चेयरमैन सुंदर अत्री व अन्य।

### कर्मचारियों को प्रदान किए प्रशंसा पत्र

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा नगर पालिका में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 अभियान के तहत सर्वश्रेष्ठ काम करने वाले कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री ने प्रशंसा पत्र देते हुए कहा कि सफाई कर्मचारियों के अथक प्रयासों से ही कस्बे को स्वच्छ और सुंदर बनाने में मदद मिलती हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अधिकारी कपूर सिंह, शिवपाल, अजीत राठौड़, सुनील शर्मा, प्रमोद कुमार, प्रदीप दरोगा परवीन अत्री, मनीष शंकर आदि मौजूद रहे।



**बवानीखेड़ा।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित सर्व कर्मारी संघ ईकाई बवानी खेडा के चुनाव में उपस्थितजन।

### दिलबाग नपा कर्मचारी संघ के प्रधान बने

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा नगर पालिका कर्मारी संघ हरियाणा संबंधित सर्व कर्मारी संघ ईकाई बवानी खेडा का चुनाव हुआ जिसमें दिलबाग सिंह प्रधान, ईश्वर सिंह सचिव, सोनू कुमार कैशियर, प्रदीप दरोगा साहकार चुने गए। वहीं सपना, पिंकी मुख्य सदस्य चुने गएं चुनाव राजस्व सचिव परशोतम दाव की देखरेख में हुआ जिसमें भिवानी के उपप्रधान भारत ने भाग लिया। राजस्व सचिव परशोतम दाव ने 23 तारीख को होने वाले प्रदर्शन का निमंत्रण दिया। चुने पदाधिकारियों ने बताया कि जो जिम्मेदारी उनके कंधों पर लगाई गई है वे उसे पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।



**भिवानी।** नवनियुक्त डीईओ निर्मला दहिया के कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर सम्मानित करते हुए।

### डीईओ निर्मल दहिया का किया अभिनंदन

**भिवानी।** भिवानी की नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया का मंगलवार को हसला जिला भिवानी और स्टेट अवार्ड वेलफेयर एसोसिएशन भिवानी की तरफ से स्वागत किया गया। इस मौके पर हसला भिवानी के जिला प्रधान महेंद्र मान व स्टेट अवार्ड एसो. भिवानी के प्रधान श्याम सुंदर सांगवान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर जिला शिक्षा अधिकारी निर्मल दहिया का कार्यभार संभालने पर अभिनंदन किया और उन्होंने ने डीईओ को सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जिला भिवानी को शिक्षा के क्षेत्र मे अग्रणी बनाने मे हमारे संगठन की और से पूर्ण सहयोग मिलेगा।

# मारपीट के विरोध में रोडवेज कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

## फतेहाबाद में रोडवेज कंडक्टर से मारपीट की गूंज भिवानी तक पहुंची

■ कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे रोडवेज का पहिया जाम करने पर मजबूर होंगे।




**भिवानी।** साथी कर्मचारी के साथ मारपीट का विरोध जताते रोडवेज कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी


फतेहाबाद के अग्रोहा मोड़ पर रोडवेज परिचालक के साथ मारपीट के विरोध की आग भिवानी में भी सुलगने लगी। परिचालक के साथ हुई मारपीट के विरोध में मंगलवार को भिवानी के रोडवेज डिपो के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर मारपीट के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया तो वे रोडवेज का पहिया जाम करने पर मजबूर होंगे।

दोपहर एक बजे के आसपास बस अड्डे पर रोडवेज कर्मचारी सांझा मंच के बैनर तले एकत्रित हुए और नारेबाजी करने लगे। इस दौरान कर्मचारी नेताओं ने बताया कि आए रोडवेज चालक व परिचालक के साथ मारपीट होती है। कई बार तो उनके साथ इतनी ज्यादा मारपीट कर दी जाती है। उनको अस्पताल में दाखिल होना पड़ता है। ऐसा ही विगत में फतेहाबाद डिपो के परिचालक के साथ मामला हुआ। फतेहाबाद से हरिद्वार के बीच चलने वाली रोडवेज शाम के वक्त हिसार पहुंची। यहां से फतेहाबाद के लिए रवाना हुई।

**परिचालक को किया अधमरा:** इस दौरान बस में कुछ पढ़ने वाले छात्र भी सवार हो गए। उन्होंने एक ऐसी जगह उतरने की कही। जहां पर उस बस का स्टापिज ही नहीं था। परिचालक ने इंकार कर दिया। उसके बाद बस अग्रोहा मोड़ पहुंची तो वहां पर पहले से खड़े दस 15 युवकों ने बस को रुकवा लिया और कंडक्टर को बस से उतार लिया। कंडक्टर के साथ जबरदस्त मारपीट की। उसको अधमरा करके छोड़ दिया।

### चालक ने पहुंचाया अस्पताल

चालक ने किसी तरह से सवारियों की मदद से परिचालक को अस्पताल पहुंचाया और रोडवेज बस को थाने में खड़ा किया। फिलहाल परिचालक अस्पताल में उपचाराधीन है और हालत गंभीर बनी हुई है। कर्मचारी नेता ने बताया कि पीड़ितों ने इस बारे में थाने में शिकायत दर्ज करवा दी,लेकिन अभी तक सभी आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। उन्होंने बताया कि हिसार पुलिस प्रशासन जान बुझकर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रहा है। अगर जल्द आरोपी गिरफ्तार नहीं किया गया तो फतेहाबाद रोडवेज कर्मचारियों के आहवान पर चक्का जाम करने पर मजबूर होगें। यहां यह बताते चले कि लंबी दूरी की बसों के कुछ जगहों पर स्टापिज नहीं होते। क्योंकि उनको लंबा सफर करना होता है। अगर हर स्टॉपिज पर रूकेंगी तो वे निर्धारित समय पर गंत्तव्य तक कैसे पहुंच पाएगी।



# हल्की बूंदाबांदी ने तोड़ा दूसरे दिन पारे का घमंड

■ फसलों में बारिश से फुटाव बढ़ेगा। जिससे औसतन पैदावार में भी बढ़ौतरी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मंगलवार को भी हलकी बूंदाबांदी ने पारे का गुरुर तोड़े रखा। बूंदाबांदी ने पारे को दो कदम भी उपर नहीं चढ़ने दिया। पारा 31 डिग्री सेल्सियस पर रहा,जिसके चलते लोगों को दूसरे दिन भी गर्मी से निजात मिली रही। दूसरी तरफ हलकी बूंदाबांदी से भी किसानों को फायदा होगा। क्योंकि खरीफ फसलों में अब सिंचाई की जरूरत है। हलकी बारिश से भी पूरी हो रही है। फसलों में बारिश से फुटाव बढ़ेगा। जिससे औसतन पैदावार में भी बढ़ौतरी होगी।

सुबह सवेरे आसमान काले बादलों से अटा हुआ था। हलकी बूंदाबांदी चल रही थी। कभी फुव्वारों की गति धीमी तो कभी तेज मोटी बूंदों ने खरीफ फसलों को नहलाना शुरू किया। हलकी बारिश के चलते दूसरे दिन भी पारे ने उठने की हिम्मत नहीं जुटाई। बल्कि सोमवार की अपेक्षा दो डिग्री सेल्सियस नीचे ही रहा। पारा नीचे रहने की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली। पूरे दिन पारा 31 डिग्री सेल्सियस के बिंदू से उपर नहीं उठ पाया। लोगों को गर्मी से निजात मिली। क्योंकि पिछले सप्ताह से गर्मी की वजह से लोग परेशान थे। पारा 45 डिग्री सेल्सियस के आंकड़े को भी पार करने को आतुर था,लेकिन सोमवार तथा मंगलवार को हलकी बारिश की वजह से उपर नहीं चढ़ पाया।

# रोडवेज चालक की बेटी साक्षी ने नीट की परीक्षा पास की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



■ होनहार बेटी ने ऑल इंडिया स्तर पर 17010वां रैंक हासिल किया

हरियाणा रोडवेज तोशाम डिपो में चालक के पद पर कार्यरत गांव सरल निवासी सुरेंद्र सिंह की पुत्री साक्षी ने नीट की परीक्षा में सफलता हासिल की है। जिसको लेकर रोडवेज के तोशाम डिपो कर्मचारियों में खुशी की लहर है।

गांव सरल निवासी रोडवेज चालक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि उसकी पुत्री साक्षी पढ़ाई में प्रारंभ से ही अव्वल रही है। उसकी मेहनत का ही परिणाम है कि आज उसने ग्रामीण परिवेश में रहते हुए कड़ी मेहनत के साथ नीट की परीक्षा में ऑल इंडिया स्तर पर 17010वां रैंक हासिल किया। साक्षी के परिजनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की, वहीं रिश्तेदारों तथा ग्रामीणों ने साक्षी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। वहीं दूसरी तरफ साक्षी की इस कामयाबी पर तोशाम बस स्टैंड इंचार्ज रतन सिंह निगाना, डीआइ कर्मवीर भाकर कतवार आदि सहित रोडवेज के समस्त कर्मचारियों ने बधाई देते हुए होनहार बेटी साक्षी को जीवन में और भी अधिक सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद दिया।

# सर्वसम्मति से चुनी पंचायत को आर्यसमाज ने किया सम्मानित

■ आर्यसमाज मन्दिर में किया गया सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढड़ा




**भिवानी।** कस्बे के आर्य समाज मंदिर में नव निर्वाचित पंचायत को सम्मानित करते हुए आर्य समाज के सदस्य।

बाढ़ड़ा में सर्वसम्मति से चुनी गई पंचायत को आर्यसमाज ने सम्मानित किया। क्षेत्र में आर्यसमाज के प्रमुख प्रचारक एवं आर्य नेता व वैदिक विद्वान धर्मपाल आर्य धीर शास्त्री भाण्डवा की अध्यक्षता में आर्यसमाज मन्दिर में आयोजित सम्मान समारोह में क्षेत्र के सैंकड़ों आर्यजनों और ग्रामीणों ने निर्विरोध चुने गए अठारह पंचों व सरपंच सरोजना देवी को सम्मानित किया।

समारोह का शुभारंभ कुलदीप आर्य शास्त्री के ब्रह्मत्व में सरपंच सरोजना देवी व सरपंच पति राजेश कुमार ने सभी पंचों के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण पूर्वक हवन में आहुतियां डालकर किया। धर्मशास्त्री ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि ग्रामिणों ने अपनी अनुकरणीय एकता और भाईचारे का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करके गांव के मान सम्मान और यश को दूर - दूर तक फैला दिया है। गांव का ये फैसला इलाके के लिए और आने वाली पीढ़यों के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा सिद्ध होगा। उन्होंने नवचयनित सरपंच और पूरी पंचायत को कहा कि ग्रामवासियों और कस्बावासियों ने आपको सर्वसम्मति से चुनकर आप पर पूरा भरोसा जताया है। उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए आपको पूर्ण निष्ठा और कर्तव्य भावना से अपने दायित्व का निर्वहन करना है। उन्होंने नवचयनित सरपंच और सभी पंच को आशीर्वाद, बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे सब अपने निजी जीवन में सदाचार के पालन के साथ गांव में नशा व अपराध को रोकने का भरसक यत्न करें और आपसी भाईचारा, सामाजिक ताने-बाने व मान मर्यादा को बनाए रखने व बढ़ाने के लिए पुरुषार्थ करें। समारोह में विशेष अतिथि के तौर पर पधारे अधिकारी कश्मीर सिंह ईटीओ ने कहा कि बाढड़ा वासियों ने सर्वसम्मति से पूरी पंचायत का चुनाव करके एक अद्भुत मिशाल कायम की है। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व सरपंच राकेश कुमार ने नई पंचायत को भरपूर सहयोग देने का वचन दिया। मुख्याध्यापक राजेश कुमार ने कहा कि नवगठित पंचायत गांव के हित में मिल-जुलकर सर्वसम्मति से प्रत्येक निर्णय करके गांव में विकास कार्यों का प्रवाह चलाकर गांव का आभार व्यक्त करें। आर्यसमाज बाढड़ा द्वारा आयोजित समारोह में सरपंच सरोजना देवी और सभी पंचों को गायत्री पट्ट, स्मृति चिह्न और वैदिक साहित्य भेंट करके सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आर्यसमाज बाढड़ा के मंत्री कुलदीप आर्य शास्त्री ने किया। उपप्रधान वीरेन्द्र आर्य ने सबको पौष्टिक प्रसाद खिलाया। इस अवसर पर धर्मपाल आर्य धीर शास्त्री भाण्डवा, कश्मीर सिंह ईटीओ, भक्त उमेदसिंह, व्यापार मण्डल के पूर्व प्रधान रामकिशन फौजी, बुजुर्ग धावक रामकिशन शर्मा, उपप्रधान वीरेंद्र आर्य व सत्यवीर आर्य सलेमपुरिया, महिला आर्यसमाज प्रधान सुनीता आर्या, रमेश आर्य बेरला, प्रवक्ता तेजवीर आर्य किष्कंधा, कृष्णा देवी अध्यापिका, मंत्री कमला शास्त्री, मैना देवी, ज्योति रानी शास्त्री, सुशीला, एल. आई. सी. विकास अधिकारी प्रवेश आर्य, अजय शास्त्री, सुरेंद्र फौजी आदि मौजूदे रहे।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के अर्पित लाम्बा ने नीट परीक्षा पास की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली अर्पित लाम्बा को अभिनंदन करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रतिभाशाली अर्पित लाम्बा ने नीट परीक्षा में 99.97 प्रश्नटाइल प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 461 व श्रेणी रैंक 301 अर्जित की है। अर्पित की ऐतिहासिक सफलता ने न केवल विद्यालय, बल्कि सम्पूर्ण भिवानी क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। सचिव एवं कोषाध्यक्ष वीपी त्रिपाठी ने माला पहनाकर अर्पित लाम्बा को आशीर्वाद दिया तथा अभिभावकों को बधाई दी।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. निर्मला नीतू एवं समस्त शिक्षकों ने अर्पित का फूलों की माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य रूप से अभिनंदन किया। डॉ. नीतू ने कहा कि अर्पित लाम्बा शुरू से ही होनहार, अनुशासित एवं परिश्रमी छात्र रहा है। उसने कक्षा 10वीं और 12वीं (मेडिकल साइंस) में स्कूल टॉप कर अपनी प्रतिभा का प्रमाण दिया था। डॉ. नीतू ने अर्पित के माता-पिता को भी विद्यालय की ओर से हार्दिक बधाई दी और उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि संतान की सफलता में माता-पिता की प्रेरणा, सहयोग और विद्यालय के उचित मार्गदर्शन की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि ये उपलब्धि न केवल विद्यालय परिवार बल्कि सम्पूर्ण भिवानी क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। इस उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह सदैव एक अनुकरणीय छात्र रहा है, जो अपनी मेहनत और सकारात्मक सोच के लिए जाना जाता है। अर्पित की ये सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगी। अर्पित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय के वातावरण को दिया। उसने कहा कि विद्यालय द्वारा समय-समय पर मिले मार्गदर्शन और संसाधनों ने उसकी तैयारी को सशक्त बनाया।

# युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट की 101 दिवसीय परिक्रमा का महंत वेदनाथ ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** 101 दिवसीय परिक्रमा का स्वागत करते महंत वेदनाथ महाराज। फोटो : हरिभूमि

हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम एवं युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा बालयोगी महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में शुरू की 101 दिवसीय धार्मिक व सामाजिक परिक्रमा मंगलवार को 24वें दिन भी जारी रही। इस दौरान जोगीवाला शिव मंदिर के महंत वेदनाथ महाराज ने हनुमान ढ़ाणी चौक पर परिक्रमा का स्वागत किया तथा इसे धार्मिक व सामाजिक संदेश के प्रचार-प्रसार के लिए सराहनीय कदम बताया।

महंत वेदनाथ ने कहा कि ऐसी यात्रा न केवल भक्ति का माध्यम साबित होती है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का भी जरिया साबित होती है। उन्होंने कहा कि बच्चे, युवा व बुजुर्ग सभी इसमें भाग लेकर श्रीसनातन धर्म की परंपराओं को सहेजते हैं। वहीं महंत चरणदास ने बताया कि ये शहर के रोहतक गेट, महम गेट, दादरी गेट, तिगड़ाना गेट, हांसी गेट, रेल दरवाजा, दिनोद गेट, देवसर गेट, हलवास गेट, पतराम गेट, हनुमान गेट, बेरी गेट, बावड़ी गेट आदि 12 दरवाजों व विभिन्न मंदिरो को प्रणाम करते हुए वापस हनुमान जोहड़ी मंदिर में संपन्न होती है। इस परिक्रमा का उद्देश्य लोगों को श्रीसनातन संस्कृति से जोड़ने के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक मुद्दों बारे भी जागरूक हो रहे है। इस अवसर पर अधिवक्ता धनश्याम शर्मा, मैनेजर धर्मवीर दहिया, मास्टर हरेंद्र पुनिया, मास्टर सुरेंद्र सिवाड़ा, जयपाल परमार, फौजी कृष्ण परमार, रामनिवास सैनी, सुनील अग्रवाल, विजय मितल, सुशील गुप्ता, कृष्ण कुमार सोनी, पवन दाधीच, विशाल सैनी, जयप्रकाश सैनी, विक्रम शर्मा, प्रताप सैनी आदि मौजूद रहे।

## गांव लोहानी में विशेष चौपाल कार्यक्रम का आयोजन

# विकास की गति को किया जाएगा और तेज: सांसद

■ सांसद धर्मबीर सिंह ने केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** एकत्रित लोगों को संबोधित करते सांसद धर्मबीर सिंह।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के ऐतिहासिक 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को गांव लोहनी में विशेष चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्यअतिथि भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने शिरकत की तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के शासनकाल में लागू की गई जनहित की अनेक योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता तोशाम मंडल अध्यक्ष जगत बापोड़ा ने की। इस दौरान उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक, नंदराम धानिया, मुनीपाल तंवर, रविंद्र बापोड़ा भी साथ रहे। कार्यक्रम के दौरान सांसद चौ. धर्मबीर सिंह ने केंद्र सरकार की 11 वर्षों की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकासात्मक पहलों और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विस्तार से संवाद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत के वैश्विक स्तर पर बढ़ते मान-सम्मान, आर्थिक सुदृढ़ता, डिजिटल क्रांति, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, बुनियादी ढांचे के विस्तार और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों को रेखांकित किया। सांसद ने कहा कि बीते 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला और समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन को सशक्त बनाने हेतु अभूतपूर्व कार्य किए हैं।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विक्रम दुग्गल, दिनेश भारद्वाज, कैप्टन जयवीर, अजीत शेखावत, छत्तरपाल सिंह, राजेश पुनिया, बबीता शिमली, सरपंच अशोक, मा. मुनीपाल, राजेंद्र शर्मा पूर्व सरपंच, प्रदीप तंवर, राजेश जांगड़ा, दलीप कुसुंभी, पवन रिवासा, नीरज दिनोद, संजीव शिमली, राधेश्याम शर्मा, चंचल, रजनीश, देवेंद्र शर्मा, नरेंद्र, जयभगवान हेतमतपुरा, धर्मपवाल, राजकुमार सरपंच, राजपाल लेघां, अजय बीरण, रमेश पचेरवाल, प्रदीप घुसकानी, सुनील डावर, अंकित पालुवास सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चोर ने दो दुकानों के ताले चटकाकर हजारों की नगदी पर किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



सोमवार-मंगलवार रात्रि दरमियान चोर ने तोशाम में सिवानी मार्ग पर स्थित दो दुकानों के ताले तोड़कर हजारों रुपए की नगदी चोरी कर ली। दुकानों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में रात्रि करीबन 2 बजे हाथ में लोहे की रोड लिया हुआ युवक दिखाई दिया, जोकि सीसीटीवी फुटेज में सड़क पर आने जाने वाले वाहनों की लाइट से होने वाले उजाले से इधर-उधर छुपता हुआ भी दिखाई दे रहा है।

पीड़ित दुकानदार मनोज कुमार ने बताया कि उसकी किरयाना की दुकान है। सुबह करीबन 6 बजे किसी जान-पहचान वाले व्यक्ति का फोन आया कि दुकान का शटर खुला हुआ है। सूचना मिलते ही वह दुकान पर पहुंचा तो देखा कि दुकान के ताले टूटे हुए थे और मौके से ताले भी गायब थे तथा दुकान का शटर आधा खुला हुआ था। तत्पश्चात उसने दुकान के अंदर देखा तो सामान बिखरा हुआ पड़ा था गलले में रखी करीबन 5000 रुपए की नगदी गायब थी। वहीं दूसरी तरफ सैनी टी स्टॉल के संचालक बाबूलाल सैनी ने बताया कि वह भी डेट रात्रि करीबन 10 बजे प्रतिदिन की भांति अपनी दुकान बंद करके अपने घर चला गया था।




# सितारे जमीन पर बिना किसी कट के हुई पास

**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान एक बार फिर बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। उनकी मच अवेटेड फिल्म सितारे जमीन पर को आखिरकार सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से हरी झंडी मिल गई है। खास बात ये है कि सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को बिना किसी कट के थिएटर में रिलीज करने की अनुमति दी है, जिससे आमिर के फैंस के बीच उत्साह दोगुना हो गया है। ये फिल्म 20 जून 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म की रिलीज से पहले इसे लेकर कुछ अड़चनों का सामना करना पड़ा था। सीबीएफसी की ओर से फिल्म में दो बदलाव करने का सुझाव दिया गया था, जिसके बाद फिल्म की रिलीज को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई थी।

लाइफ Style

# जेनेलिया



## रोज 10 घंटे काम करती हूं, मुश्किल है, असंभव नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अभिनेत्री जेनेलिया डिसूजा से जब वर्क-लाइफ बैलेंस से जुड़ा सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि वे हर दिन 10 घंटे काम करती हैं। जेनेलिया डिसूजा फिल्म 'सितारे जमीन पर' फिल्म में नजर आएंगी, जो इसी महीने रिलीज होगी। हाल ही में जेनेलिया डिसूजा ने बताया कि वे अपनी निजी जिंदगी को कैसे मैनेज करती हैं? अभिनेत्री ने कहा कि डायरेक्टर जब काम के घंटे बढ़ा देते हैं तो वे एडजस्टमेंट कर लेती हैं। जेनेलिया ने कहा, 'यह मुश्किल है, लेकिन असंभव नहीं है। मैं दिन में 10 घंटे काम करती हूं और ऐसे दिन भी आते हैं जब डायरेक्टर इसे बढ़ाकर 11 या 12 घंटे करने के लिए कहते हैं'।

जेनेलिया डिसूजा ने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि यह ठीक है, लेकिन हमें उन एडजस्टमेंट को करने के लिए समय चाहिए। जब आपके पास एक या दो दिन होते हैं, जब आपको ज्यादा काम करना पड़ता है। यह एक आपसी समझ और प्रोसेस भी है, जिसकी जरूरत है'। काम के घंटों को लेकर जेनेलिया की टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है, जब फिल्म 'स्पिरिट' से दीपिका के बाहर होने के बाद शिफ्ट टाइमिंग को लेकर बहस छिड़ी है। संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म 'स्पिरिट' में दीपिका पादुकोण काम करने वाली थीं। मगर, उन्होंने आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी।


अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने जब से फिल्म 'स्पिरिट' छोड़ी है, इंडस्ट्री में शिफ्ट टाइमिंग और वर्क-लाइफ बैलेंस को लेकर चर्चा छिड़ गई है। दरअसल, दीपिका ने निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से आठ घंटे की शिफ्ट करने की शर्त रखी थी। इस पर सहमति नहीं बनने पर दीपिका ने फिल्म छोड़ दी। इसके बाद कई सितारे दीपिका के बचाव में आ चुके हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# शो कैंसिल होने पर भड़क उठे लोग

**लॉस एंजिल्स।** कोलंबियाई सिंगर शकीरा का टेक्सास में होनेवाला कॉन्सर्ट पोस्टपोन कर दिया गया है, जिसके में लोगों में इसे लेकर काफी गुस्सा है। शकीरा के फैन्स उस समय भड़क गए जब सैन एंटोनियो के अलामोडोम में शुक्रवार रात को होने वाले उनके कॉन्सर्ट को कथित स्ट्रक्चरल इशूज़ के कारण अंतिम समय पर पोस्टपोन कर दिया गया। इस अनाउंसमेंट से पहले कॉन्सर्ट जाने वालों ने कई तस्वीरें और वीडियोज़ शेयर किए थे जिसमें चिलचिलाती गर्मी में स्टेडियम के बाहर फैन्स की लंबी लाइन नजर आ रही है। कई फैन्स ने कहा कि उन्हें अंदर जाने से पहले काफी देर तक बाहर रोक कर रखा गया।



# जिंदगी मुश्किल है, मुझे बहुत गुस्सा आता है!

**लॉस एंजिल्स।** अपने गानों से पूरी दुनिया को थिरकाने वाले सिंगर जस्टिन बीबर इन दिनों पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में बने हुए हैं। जिस तरह से वो सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर कर रहे हैं और उनपर जो कैप्शन लिख रहे हैं, उससे यूजर्स तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। उनकी मेंटल हेल्थ से लेकर बीवी हैली बीबर संग अनबन को लेकर अफवाएं उड़ रही हैं। अब पहली बार जस्टिन ने इनपर रिएक्ट किया है। उन्होंने लिखा कि वो अपने बारे में सोचकर 'थक' गए हैं। उन्होंने गुस्सा आने की बात का भी जिक्र किया है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'लोग मुझे ठीक होने के लिए कहते रहते हैं। क्या आपको नहीं लगता कि अगर मैं खुद को ठीक कर सकता, तो मैं पहले ही कर चुका होता? मुझे पता है कि मैं टूट चुका हूं। मुझे पता है कि मुझे गुस्सा आता है। मैंने अपनी पूरी जिंदगी उन लोगों की तरह बनने की कोशिश की, जिन्होंने मुझसे कहा था कि मुझे उनके जैसा ठीक होना चाहिए।



# तलाक की अफवाहों पर लगाया ब्रेक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता आहूजा के बीच तलाक की अफवाहें एक बार फिर फैल रही हैं। वजह है सुनीता द्वारा अपने नाम से 'आहूजा' सरनेम हटाना और नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ना। इस छोटे से बदलाव ने सोशल मीडिया पर बड़ी हलचल मचा दी है। तलाक की अटकलें एक बार फिर तूल पकड़ने लगीं, लेकिन. अब सुनीता ने खुद सामने आकर इन सभी अफवाहों पर विराम लगा दिया है। एक इंटरव्यू में सुनीता आहूजा ने स्पष्ट किया कि उनके नाम में किया गया ये बदलाव किसी भी पारिवारिक समस्या या तलाक से संबंधित नहीं है। उन्होंने बताया कि ये फैसला उन्होंने न्यूमरोलॉजी के मुताबिक लिया है। सुनीता ने कहा कि उन्होंने 'आहूजा' सरनेम हटाया और अपने नाम में एक अतिरिक्त 'एस' जोड़ा ताकि उन्हें नाम और शोहरत मिल सके।



# आशा भोसले के साथ 25 साल बाद गाया गाना

**मुंबई।** गायक अदनान सामी ने हाल ही में दिग्गज गायिका आशा भोसले के साथ गाना गाया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ गाना गाने का अनुभव साझा किया है। उन्होंने आशा भोसले के साथ 'आओ ना' गाना गाया है। इस गाने में ईशा सिंह और अविनाश मिश्रा अदाकारी करेंगे। उन्होंने बताया है कि वह 'कभी तो नजर मिलाओ' के 25 साल के बाद उनके साथ एक गाने पर काम कर रहे हैं। एक बातचीत में अदनान सामी ने कहा 'आशा भोसले जी के साथ मेरा आखिरी बार गाना 25 साल पहले रिलीज हुआ था। यह गाना 'कभी तो नजर मिलाओ' था। उसके बाद हमने कई गाने किए। लेकिन, हमने कोई स्वतंत्र गाना नहीं किया। हमने कोई एकल गाना नहीं किया। इसलिए हमारी लंबे समय से इच्छा थी।' अदनान सामी ने कहा कि लोग भी चाहते

## टीवी मसाला



# खूब हिट रहीं ये ऑनस्क्रीन जोड़ी किरदार के नाम से पहचानते हैं लोग

**नई दिल्ली।** बड़े पर्दे और ओटीटी का अलग जलवा है। मगर, छोटे पर्दे का दर्शक वर्ग भी कम बड़ा नहीं है। यहां की कुछ जोड़ियां खूब लोकप्रिय हुई हैं। हाल ही में 'बड़े अच्छे लगते हैं' का नया सीजन शुरू हुआ है। इस बार शो में नई जोड़ी ऋषभ (हर्षद चोपड़ा) और भाग्यश्री (शिवांगी जोशी) से मिलवाया गया है। टीवी की दुनिया में ऐसी कई ऑनस्क्रीन जोड़ी रहीं, जिनके नाम दर्शकों को आज भी याद हैं। साल 2001 में शुरू हुए इस सीरिलय ने दर्शकों का खूब प्यार बटोरा। प्रेरणा और अनुराग बसु की जोड़ी ने तहलका मचा दिया। प्रेरणा की भूमिका अभिनेत्री श्वेता तिवारी ने निभाई। वहीं, अनुराग बसु का रोल सीजेन खान ने निभाया। दोनों ने इस सीरियल से जो लोकप्रियता पाई, उसका मुकाबला नहीं। यह सीरियल 2008 में खत्म हुआ। क्योंकि सास भी कभी बहू थी सीरियल ने छोटे पर्दे पर तहलका मचा दिया था। तुलसी का किरदार स्मृति ईरानी ने निभाया, जो अब राजनीति की दुनिया में सक्रिय हैं। वहीं, मिहिर की भूमिका अमर उपाध्याय ने निभाई। हालांकि, बाद में मिहिर के किरदार में अमर उपाध्याय को रिप्लेस किया गया और यह किरदार इंद्र कुमार और रोनित रॉय ने निभाए। तुलसी और मिहिर विरानी की जोड़ी ऑनस्क्रीन हिट रही। टीवी शो 'कहीं तो होगा' भी खूब हिट रहा। साल 2007 में आए इस सीरियल में कशिश और सुजल की लव स्टोरी दिखाई गई। कशिश का रोल आमना शरीफ ने निभाया। वहीं, सुजल की भूमिका में राजीव खंडेलवाल दिखे।

## पहले एपिसोड से ही हर्षद-शिवांगी ने जीता दिल

**नई दिल्ली।** एकता कपूर के शो बड़े अच्छे लगते हैं नया सीजन शुरू हो गया है। 16 जून को शो का पहला एपिसोड ऑनएयर हुआ है। शो में हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी लीड रोल में नजर आए हैं। पहला एपिसोड देखते ही लोग एक बार फिर इन दोनों के फैन हो गए हैं। पहले एपिसोड को



लोगों का काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। हर्षद चोपड़ा को ऐसे लुक में देखकर उनकी फीमेल फैंस एक बार फिर खुश हो गई हैं। सोशल मीडिया पर इस एपिसोड की खूब तारीफ हो रही है। पहले एपिसोड से ही लोगों का कनेक्शन इस शो से बन गया है। हर्षद चोपड़ा को लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। सबसे ज्यादा हर्द की एंट्री की तारीफ हो रही है। फैंस अभी से दूसरे एपिसोड का इंतजार कर रहे हैं। पहले एपिसोड को देखकर लग रहा है कि ये कहानी फेक शादी से शुरू होकर प्यार होने तक चलेगी. इस तरह की स्टोरी पहले कभी टीवी पर देखने को नहीं मिली है। फैंस को इंतजार है कि ऋषभ और भाग्यश्री क्या जादू दिखाते हैं। पहला एपिसोड देखने के बाद लोग सोशल मीडिया पर इसकी तारीफ कर रहे हैं।

# वॉर 2 के टीजर में ऋतिक के कूल लुक का खुला राज


**मुंबई।** फिल्म वॉर 2 में यशराज फिल्म्स की जासूसी दुनिया का सबसे लोकप्रिय जासूस कबीर फिर से लौट रहा है। कबीर को इस बार एक अलग लुक के साथ पेश करने की जिम्मेदारी मिली है, अनाइता श्रॉफ अदजानिया को। अनाइता ने इस फिल्म के लिए खूब सारी रिसर्च की है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की कॉस्ट्यूम पर अपना ध्यान दिया है और अपनी स्टाइलिंग से ये दिखाने की कोशिश की है कि बिना तड़क भड़क वाले कपड़ों के भी कोई सितारा कैसे सबका दुलारा बन सकता है!



ऋतिक रोशन के दीवाने पूरी दुनिया में हैं। अपनी चुंबकीय शख्सियत से वह युवाओं के साथ-साथ बच्चों व किशोरों को भी बीते 25 साल से अपना दीवाना बनाते आ रहे हैं। खुद को सुपरहीरो के रूप में पेश करने वाली फिल्म कृष की अगली कड़ी में वह निर्देशक भी बनने जा रहे हैं। हालांकि, कम लोगों को ही पता होगा कि उन्होंने सिनेमा में अपनी शुरुआत अपने पिता राकेश रोशन के साथ सहायक निर्देशक के तौर पर ही की थी। फिल्म वॉर 2 इसलिए भी खास है, क्योंकि इस फिल्म की रिलीज के बाद ऋतिक सीधे कृष 4 में दिखेंगे। फिल्म वॉर में ऋतिक रोशन के किरदार कबीर को दर्शकों ने एक खास अंदाज के साथ देखा है और उस अंदाज को और निखारने की जिम्मेदारी जब इसकी सीक्वल में कॉस्ट्यूम डिजाइनर अनाइता श्रॉफ अदजानिया को मिली तो उन्होंने इसे चुनौती के तौर पर लिया। अनाइता कहती हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली रही हूं कि मुझे ऋतिक के साथ धूम 2, बैंग बैंग जैसी फिल्मों में काम करने का मौका मिला।

# 'आप जैसा कोई' 11 जुलाई में होगी रिलीज

**मुंबई।** एक्टर आर. माधवन और फातिमा सना शेख की आगामी फिल्म 'आप जैसा कोई' की रिलीज डेट से पर्दा उठ गया है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 11 जुलाई को रिलीज होगी। मंगलवार को नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर शेयर कर रिलीज डेट बताई है। फिल्म 11 जुलाई से स्ट्रीम होगी। मंगलवार को जारी हुए पोस्टर में फातिमा और माधवन रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। दोनों एक बैंच पर बैठे हैं और एक-दूसरे को निहारते हुए मुस्कुरा रहे हैं। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा है, 'इस रॉमकॉम को 'आप जैसा कोई' का इंतजार था। माधवन और फातिमा को 'आप जैसा कोई' में प्यार तलाशते हुए देखें। बता दें कि यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसे विवेक सोनी ने निर्देशित किया है। फिल्म 'आप जैसा कोई' को करण जौहर की धर्माटिक एंटरटेनमेंट ने बनाया है। यह दो अलग-अलग व्यक्तियों की दिल छू लेने वाली प्रेम कहानी है। नेटफ्लिक्स के पोस्ट पर



नेटिजन्स प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'माधवन के साथ कंगना ज्यादा अच्छी लगतीं'। एक यूजर ने लिखा, 'फाइनली हम माधवन को फिर से मैडी वाले अवतार में देख पाएंगे'। इस फिल्स से पहले आर माधवन फिल्म 'केसरी चैप्टर 2' में नजर आए थे। 'केसर 2' में माधवन के अलावा अक्षय कुमार और अनन्या पांडे ने अहम भूमिका निभाई है। यह फिल्म भी अब ओटटी पर उपलब्ध है।

## अधूरी प्रेम कहानी : उसी ने बनाया कॅरियर और कर दिया बर्बाद भी

# शादीशुदा एक्टर ने एक गरीब लड़की को बना दिया सुपरहिट हीरोइन

हिंदी सिनेमा में कई लवस्टोरीज ऐसी हैं जिनके बारे में तो सब जानते हैं। मगर, कुछ प्रेम कहानियां ऐसी हैं जो दर्शकों तक कम ही पहुंच पाती है। एक कहानी है अरुणा ईरानी और महमूद की भी। शादीशुदा महमूद का और अरुणा एक-दूसरे के करीब आ चुके थे। खुद एक्ट्रेस ने भी अपने रिलेशनशिप की बात कबूल की थी। मगर, फिर एक कारण के चलते दोनों के रास्ते अलग हो गए और ये प्रेम कहानी अधूरी रह गई। हाल में ही एक इंटरव्यू में अरुणा ईरानी ने खुलकर इस बारे में बात की। उन्होंने ये भी कहा कि महमूद ने ही उनका कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

78 साल की अरुणा ईरानी ने कहा, 'डांस डायरेक्टर सुरेश भट्ट ने मुझसे कहा था कि तू महमूद को घास डाल। वही एक ऐसे इंसान हैं जो तुझे काम दे सकते हैं। लेकिन, मैं थी कि ज्यादा कुछ नहीं कहती थी, सिर्फ हां या न महमूद को जवाब देती थी। फिर महमूद ने मुझे काम देना शुरू कर दिया। धीरे धीरे उनके दिल में मेरे प्रति एक सॉफ्ट कॉर्नर बन गया। मैंने उनके जरिए फेम, पैसा, नाम और बहुत कुछ देखा। फिर मैं सोचती थी कि मैं कब तक इस आदमी को बेवकूफ बनाऊंगी। फिर हम दोनों अच्छे दोस्त और दोस्त से भी ज्यादा करीब आ गए। लेकिन, ये उनके लिए ये इतना ही था।'



### गरीब परिवार से आती थीं

अरुणा ईरानी ने खुलासा किया कि कैसे उन्होंने काम पाने के लिए एक्टर को खुश करने का हर संभव कोशिश की थी। इसके बदले उन्होंने भी एक्ट्रेस का करियर संवारा था। ईरानी ने स्वीकार किया कि उन्होंने हद से बाहर जाकर उनकी खुशामत की। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत ही गरीब फैमिली से आती हूं। मैंने पहली बार पैसा शौहरत और सब कुछ देखा था।'

### शादीशुदा थे महमूद

अरुणा ईरानी ने वो किस्सा भी याद किया जब विनोद खन्ना ने महमूद से कहा था कि क्या सच में वह फिल्म में उनकी लीड हीरोइन होंगी? उन्होंने महमूद से ये भी कहा कि क्या वह शादीशुदा हैं। महमूद ने तब ईरानी की ओर देखा और मुस्कुरा दिया। लेकिन, कुछ कहा नहीं। अरुणा ने कहा कि महमूद ने मेरा कॅरियर बनाया और बर्बाद भी कर दिया।

### ब्रेकअप की वजह

*इस इंटरव्यू में वेटरन जर्नलिस्ट भारती एस प्रधान ने एक्ट्रेस को बताते हुए कहा, 'महमूद भाई ने मुझसे कहा हमें ब्रेकअप करना पड़ा, क्योंकि मेरी पत्नी को ये अच्छा नहीं लगा। अरुणा तो शादी करना चाहती थीं, लेकिन मैं शादी न कर सका। उन्होंने मुझे ये कारण बताया था, लेकिन आप बताओ क्या कारण था।'*

### पत्नी ने करवाया अलग

*फिर अरुण ईरानी अपने हिस्से की बात बताती हैं, 'उनकी फैमिली उन्हें मेरे साथ काम करने से भी रोकती थी। उसके बाद मेरा कोई रिश्ता उनके साथ नहीं था। लेकिन, मेरी बहुत सारी जिम्मेदारियां थीं अपने परिवार को लेकर। मुझे इस ब्रेकअप के बाद किसी ने काम नहीं दिया। मैंने फिर गाने करने शुरू कर दिया। लेकिन, मुझे इस बात का कोई पछतावा नहीं कि कैसे में लीड हीरोइन से डांस करने लगीं। मैं बस कमाना चाहती थी। '*

## खबर संक्षेप

### पंचों को प्रशिक्षण शिविर में दी जानकारी

**बाढड़ा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत धनासरी, डांडमा एवं चांदवास के पंचों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनेक महत्वपूर्ण जानकारी सांझा की। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय बाढडा में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी स्वाति अग्रवाल द्वारा किया गया।

### मनदीप सुई कांग्रेस के युवा जिला अध्यक्ष बने

**भिवानी।** कांग्रेस पार्टी में युवा चेहरों को आगे लाने की रणनीति के तहत भिवानी जिले से मनदीप सुई को युवा कांग्रेस का जिला अध्यक्ष चुना गया है। मनदीप की नियुक्ति के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है तथा उनकी नियुक्ति को युवाओं में नई ऊर्जा एवं जोश के रूप में देखा जा रहा है। वहीं नवनियुक्त युवा जिलाध्यक्ष मनदीप सुई को शीर्ष नेतृत्व ने बधाई दी। वहीं मनदीप सुई ने दिल्ली पहुंचकर अपनी नियुक्ति पर कांग्रेस युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, एआईसीसी सचिव प्रदीप नरवाल, सांसद दीपेंद्र हुड्डा, धीरज सिंह, संदीप तालु सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।

### सज्जनपुर व्यायामशाला में निकाली योग यात्रा

**बवानीखेड़ा।** आयुष विभाग हरियाणा योग आयोग के निर्देशानुसार आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक के नेतृत्व में व्यायामशाला सज्जनपुर गाँव में योग यात्रा निकाली गई जिसका मुख्य उद्देश्य गाँव व आसपास के क्षेत्र को स्वस्थ व नशा मुक्त बनाने का लक्ष्य था योग यात्रा को सरपंच प्रतिनिधि नरेश चाहर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सभी बच्चों ने योग करो निरोग रहो, योग युक्त नशा मुक्त, नशा बंद दारू बंद भारत माता की जय आदि नारों से सभी ग्राम वासियों को जागरूक किया। आयुष योग सहायक गजानंद ने जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ रश्मि शर्मा के निर्देशन में उपस्थित सभी बच्चों को विश्व योग दिवस में अधिक से अधिक शामिल होने का आह्वान किया और बताया हम पुनरू एक बार फिर हमारे भारत को योग के माध्यम से विश्व गुरु बनाने की राह पर ला सकते हैं।

### दीपक सांगवान बने युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष

**चरखी दादरी।** गांव छपार निवासी दीपक सांगवान को युवा कांग्रेस का जिला अध्यक्ष चुना गया हैं। इस अवसर पर समसपुर ब्लॉक से भूपेन्द्र फोगाट तथा बौंद ब्लॉक से भंवर सिंह को ब्लॉक प्रधान चुना गया। जिलाध्यक्ष बनने के बाद दीपक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा युवाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है और यही कारण है कि पार्टी ने देश और प्रदेश में युवाओं को नेतृत्व की भूमिका में आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, वे पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। दीपक ने अपने चयन पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, संगठन प्रभारी बीके हरिप्रकाश, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का आभार जताया।

## समाधान नहीं हुआ तो प्रदर्शन करने पर होंगे मजबूर: सज्जन

# जनसंघर्ष समिति ने कार्यकारी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

### बिजली व्यवस्था सुधारने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

जनसंघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश व सचिव सज्जन कुमार सिंगला के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल दक्षिण हरियाणा विद्युत निगम के कार्यकारी अभियंता संदीप दलाल से अधीक्षण अभियंता के कार्यालय में मिला और बिजली व्यवस्था सुधारने को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कार्यकारी अभियंता दलाल को शहर व विभिन्न कॉलोनियों में अधिकतर समय में बिजली गुल रहने, रात को बार-बार ट्रिप मारने व विद्युत निगम के स्टाफ द्वारा जनता के फोन नहीं उठाने की शिकायत कर समाधान की मांग की। सेक्टर-13 व 23, विद्या नगर, कीर्ति नगर, शहर में चंपा-रूपा गली, हनुमान गेट व पतराम गेट के निवासियों ने उच्चाधिकारी को अपनी समस्याएं बताई।

कार्यकारी अभियंता ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि भयंकर गर्मी में बिजली मांग बढ़ने के कारण उनके ट्रासफार्मर अधिक लोड सहन नहीं करने से कुछ घंटे बिजली गायब रही है तथा उसने रात को भी ट्रिप मारती है। उन्होंने कहा कि सेक्टर-13 व 23, विद्या नगर में आ रही समस्या के समाधान के लिए उन्होंने सेक्टर में लगे ट्रासफार्मरों का लोड बढ़वाने के लिए हिसार मंजूरी को प्रस्ताव भेज रखा है। वहीं कीर्ति नगर के 10-12 घरों को औद्योगिक क्षेत्र से शीघ्र जोड़ दिया जाएगा तथा चंपा-रूपा गली में तारों के गुच्छे को हटा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्युत निगम में स्टाफ की कमी खल रही है। उन्होंने वर्तमान स्टाफ को हिदायत दे रखी है कि वे जनता की शिकायत पर शीघ्र कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि कोई कर्मचारी कोताही बर्बरता है तो उनके नोटिस में लाया जाए।



**भिवानी।** कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपते जनसंघर्ष समिति के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### पानी-बिजली की भारी परेशानी

समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश, सचिव सज्जन सिंगला व कीर्ति नगर से मास्टर बलवंत ने कहा कि जनता को पानी-बिजली की भारी परेशानी रहती है, जब पानी आता है तो बिजली चली जाती है और जब बिजली आती है तो पानी चला जाता है। उन्होंने मांग की कि लोगों की समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे जनता को साथ लेकर जनआंदोलन करने पर मजबूर होंगे। इस अवसर पर पूर्व बैंक प्रबंधक चंद्रभान, अनुराग, सुखबीर सांगवान, डॉ. बिजेंद्र पंघाल, महाबीर फौजी व मांगेराम श्योराण शामिल थे।

# कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

- योग दिवस में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭बहल




21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए तैयारियां जोरों पर है। योग दिवस की सफलता के लिए विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारियों को राजीव गांधी खेल परिसर में योगाभ्यास करवाया व क्षेत्र के लोगों के बीच जाकर उनको योग दिवस में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

मंगलवार को राजीव गांधी खेल परिसर में आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य कर्मचारियों ने योग प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। योग प्रशिक्षकों ने शिविर में आए लोगों को योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार योग की विभिन्न विधाओं का अभ्यास करवाया गया। प्रशिक्षकों ने साधकों को बताया कि 21 जून को सुबह 6 से 8 बजे तक मनाया जाने वाले योग दिवस को लेकर अपनी अपनी ड्यूटी का सही निर्वाहन करें। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर उक्त कार्यक्रम पीएम मोदी के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है, जो विश्व में भारत की पहचान बना है। योग प्रशिक्षकों ने शिविर में आए लोगों को विभिन्न योगासनों व प्राणायाम क्रियाओं का अभ्यास करवाया।

## तोड़फोड़ और जानलेवा हमला करने के आरोप में पांच दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

पुलिस की सीआईए स्टाफ द्वितीय टीम ने शराब ठेकों पर लूट, तोड़फोड़ करने व शराब ठेके पर कार्यरत सेल्समैन को जान से मारने की नीयत से बोलरो कैंपर से टक्कर मारने के मामले में मुख्य आरोपी सहित पांच आरोपियों को किया गिरफ्तार। आरोपियों से पूछताछ कर रही है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मनदीप पुत्र कुरड़ाराम निवासी सिंघानी, दिनेश पुत्र सोमबीर निवासी सुखपुरा कला, अमित पुत्र ईश्वर सिंह निवासी सिंघानी, संदीप पुत्र बलवान निवासी सिंघानी व सुनील पुत्र राजेश निवासी पिचोपा खुर्द जिला चरखी दादरी के रूप में हुई है। पुलिस टीम के द्वारा उपरोक्त सभी पांच आरोपियों को आज पेश न्यायालय में कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।



**भिवानी।** पुलिस गिरफ्त में आए हमले के आरोपी। *फोटो : हरिभूमि*

### 11वें दिन पूर्णमल के सांग का हुआ मंचन

**भिवानी।** म्हारी संस्कृति-म्हारा स्वाभिमान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान कौशिक की अध्यक्षता में संगठन के स्थापना दिवस, महान कवियों एवं गायकों की याद में गांव उमरावत स्थित सूर्यकवि दादा लखमीचंद सांस्कृतिक भवन में जारी 11 दिवसीय सांग महोत्सव मंगलवार को संपन्न हो गया। इस दौरान सूर्यकवि दादा लखमीचन्द द्वारा रचित ऐतिहासिक सांग पूर्णमल का मंचन सुप्रसिद्ध सांगी विष्णुदत कौशिक जांटीकला ने किया। इसके उपरांत आश्रम निर्माण कमेटी के अध्यक्ष सरपंच दिनेश कौशिक ने कढ़ी-चावल का भंडारा लगाया। संगठन के अध्यक्ष हनुमान कौशिक ने बताया कि संस्कृतिक भवन में सभी कवियों की प्रतिमाएं स्थापित करना है।

# पदाधिकारियों को बधाई दी

- अधिवक्ता डॉ. विकास कुमार ने यूथ कांग्रेस हरियाणा के चुनाव में जीत दर्ज कर प्रदेश महासचिव का पद संभाला

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

पूर्व सीपीएस रामकिशन फ़ौजी के सुपुत्र और युवा कांग्रेस के सक्रिय नेता अधिवक्ता डॉ. विकास कुमार ने हाल ही में यूथ कांग्रेस हरियाणा के चुनाव में शानदार जीत दर्ज की और प्रदेश महासचिव का पद संभाला। इससे पहले, वे भिवानी ज़िले के युवा कांग्रेस अध्यक्ष भी रह चुके हैं, जहां उन्होंने संगठन को मज़बूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए थे। डॉ. विकास कुमार का यह चुनावी सफर उनके नेतृत्व और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने हमेशा से युवाओं के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया है और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए सक्रिय रूप से काम किया है। यूथ कांग्रेस हरियाणा के प्रदेश महासचिव के रूप में उनकी जीत ने संगठन को एक नई दिशा दी है। अपनी नई भूमिका में डॉ. विकास ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य केवल चुनावी सफलता नहीं है, बल्कि हम एक ऐसा संगठन बनाना चाहते हैं जो समाज के हर वर्ग तक पहुंचे और उनके मुद्दों का समाधान कर सके।



**भिवानी।** नियुक्ति के बाद मुंह मीठा करवाते पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी।

# जलभराव से लोगों की बढ़ी परेशानी

- बीडीपीओ कार्यालय से लेकर ढाणी मेचू तक पानी की झील जैसा नजारा दिखाई दिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭बहल

सोमवार रात हुई बारिश से कस्बे में अनेक जगहों पर पानी भर गया, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ जगहों पर तो सोमवार दिन में हुई बारिश का पानी ही नहीं निकला था कि रात को हुई बारिश से अनेक जगहों पर फिर पानी जमा हो गया। कस्बे के वार्ड सात (ढाणी मेचू) में इतना पानी भर गया कि लोगों को निकलने तक का रास्ता नहीं मिला। बीडीपीओ कार्यालय से लेकर ढाणी मेचू तक पानी की झील जैसा नजारा दिखाई दिया। लोहारू रोड से ढाणी मेचू की निचाई ज्यादा होने के कारण सड़क के दोनों साइड (स्टेडियम व हाई स्कूल) की तरफ से पानी का बहाव ढाणी मेचू की तरफ हो गया और पूरे रास्ते पर कई फुट तक पानी जमा हो गया। लोगों को घरों से निकलकर बाहर जाने का रास्ता तक नहीं मिला और पूरे रास्ते पर पानी ही पानी नजर आया। रोजमर्रा की चीजों को खरीदने व अन्य काम के लिए लोग बड़ी मुश्किल से रास्ते की साइड से बच बचकर निकलते रहे। ब्रह्मदत्त मेमोरियल हाल के पास चौराहे पर भी पानी भर गया।



**बहल।** कस्बे के वार्ड नंबर 7 ढाणी मेचू में रास्ते पर जमा हुआ बारिश का पानी।

### पहले कभी नहीं मिली जलभराव की शिकायत

ढाणी मेचू से इससे पूर्व जलभराव की कोई शिकायत नहीं आई। ग्राम सभा की बैठक में भी इस संबंध में कोई जानकारी नहीं थी। सोमवार को बारिश से स्थिति खराब हुई, जिसका कोई वैकल्पिक उपाय किया जाएगा, ताकि पानी को निकाला जाए और पुनः ऐसी स्थिति न बनें।

**-रवि कुमार**, ग्राम सचिव, बहल

### ढाणी मेचू सड़क मार्ग से काफी नीचा

ढाणी मेचू सड़क मार्ग से काफी निचाई पर है, जिस वजह से सड़क के पानी का बहाव भी उसी ओर होने से जलभराव की स्थिति बनी है। जलभराव को रोकने के लिए किसी योजना पर विचार किया जाएगा।

**- साधूराम पनिहार**, सरपंच, बहल

# जल संरक्षण के लिए चलाएं जागरूकता अभियान

- जलशक्ति अभियान को सफल बनने को करने होंगे सामूहिक प्रयास : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

जल शक्ति अभियान के केंद्रीय नोडल अधिकारी आईएएस सौरभ सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को विश्राम गृह में अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान सौरभ सिंह ने जिले में चल रहे जल शक्ति अभियान 2025 के तहत किए कार्यों की समीक्षा की और जरूरी दिशा निर्देश दिए। सिंह ने कहा कि जल संरक्षण को लेकर वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों की मरम्मत, जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण, पौधरोपण व जन जागरूकता जैसे कार्यों को प्राथमिकता से लागू किया जाए। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण भी जल संरक्षण का अभिन्न हिस्सा है। जल संरक्षण केवल सरकारी प्रयास नहीं बल्कि जनसहभागिता का अभियान है। इसके लिए जनजागरूकता अभियान चलाएं जाएं। उन्होंने बरसाती सीजन से पहले जल संरक्षण के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जल संरक्षण से जुड़ी हर गतिविधि की साप्ताहिक रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए और फील्ड स्तर पर नियमित निरीक्षण भी किया जाए। साथ ही जमीनी स्तर पर कार्यों की गुणवत्ता और प्रभाव सुनिश्चित किया जाए।



**चरखी दादरी।** विश्राम गृह में अधिकारियों से जल शक्ति अभियान की समीक्षा करते सौरभ सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

### की जाएगी समीक्षा

उन्होंने पंचायत विभाग को प्राचीन जल संरक्षण स्रोत जैसे बावड़ी आदि को पूर्व रूप देने का कार्य करने आह्वान किया। बैठक के बाद जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि आगामी दो दिनों तक केंद्रीय जलशक्ति मंत्रालय की टीम दादरी जिले का दौरा करके जलशक्ति अभियान 2025 के तहत किए कार्यों की समीक्षा करेगी। इस मौके पर जलशक्ति अभियान के केंद्रीय तकनीकी नोडल अधिकारी विमलेश कुमार सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# औरंगनगर के सरपंच को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के बड़े भाई राजेश मास्टर व छोटे भाई राकेश वाल्मीकि ने हल्का बवानी खेड़ा के गांव ओंरगनगर में उपचुनाव में कोमल रानी के सरपंच बनने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं। कोमल रानी की उम्र 21 साल है और उन्होंने अपनी युवावस्था में ही इस महत्वपूर्ण पद पर जीत हासिल की है।

विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने कहा कि आज बेटियां बेटों से कम नहीं हैं और वे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं। कोमल रानी की इस उपलब्धि से यह साबित होता है कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता और विकास के लिए इच्छाशक्ति हो सकती है। कोमल रानी ने 21 साल की उम्र में सरपंच का चुनाव जीतकर एक मिसाल पेश की है।उनकी इस उपलब्धि से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलता है और यह साबित होता है कि महिलाएं भी नेतृत्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं।विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि की बधाई और शुभकामनाओं के साथ, कोमल रानी को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं। हमें उम्मीद है कि वे अपने क्षेत्र के विकास में सफलता प्राप्त करेंगी और एक आदर्श सरपंच के रूप में अपनी पहचान बनाएंगी।



**बवानीखेड़ा।** उपचुनाव में विजयी होने पर मुंह मीठा करवाते विधायक के भाई मास्टर राजेश। *फोटो : हरिभूमि*

# पहली बारिश में ही उखड़ी ईंटें

- धन्यवाला जोहड़ की चारों तरफ की दीवार भी खस्ता हालत में

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

गांव सण्डवा के धन्यवाला जोहड़ पर बने मैन रास्ते पर घाट की पहली ही बारिश में ईंट उखड़ गई। जिसके कारण मैन रास्ता बंद हो गया। जिसके ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सुखबीर प्रधान संडवा, राकेश कालीरामण, सज्जन सिंह, संदीप कुमार, सत्यवान, सुखबीर सिंह, बलवान सिंह, कुलदीप सिंह, ढिल्लू, संदीप कालीरामण,कैलाश सिंह, कमल सिंह आदि ने बताया कि इस घाट की हालत खस्ता बनी हुई है। धन्यवाला जोहड़ की चारों तरफ की दीवार भी बहुत खस्ता हालत में है। जिसकी तीन से चार बार आवाज उठा चुके है लेकिन जिसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी इस कार्य के लिए 25 लाख रुपए की ग्रांट भी दे चुकी है। जिसकी अभी तक कोई शुरुआत नहीं हुई है। रविवार को हुई बरसात में मेन रास्ते की ईंट उखड़ गई जिससे आना जाना बंद हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि जोहड़ की चारदीवारी इतनी खस्ता हालात में है कि कभी भी डोर सकती है।




## शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होना योग व राजयोग से ही संभव

# योग सभी के लिए जीवन पद्धति: वसुधा बहन

- स्वयं, समाज व पृथ्वी को दिव्य व श्रेष्ठ बनाने को राजयोग मेडिटेशन व योगाभ्यास रामबाण औषधि : बीके वसुधा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

स्वयं और समाज के साथ पृथ्वी को दिव्य व श्रेष्ठ बनाने के लिए राजयोग मेडिटेशन व योगाभ्यास रामबाण औषधि है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा शाखा में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग, जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग चरखी दादरी के संयुक्त तत्वावधान में एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य थीम पर आयोजित त्रिदिवसीय प्रोटोकॉल प्रशिक्षण में सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि योग हम सभी के लिए एक जीवन पद्धति है। योग मन व शरीर, विचार व कर्म, संयम व उपलब्धि की एकात्मकता, मानव व प्रकृति के बीच सामंजस्य का मूर्त रूप है। योग शिक्षक मित्रसेन व कविता दगड़ौली ने ताड़ासन, सुखासन, अनुलोम विलोम कपाल भाति भस्त्रिका प्राणायाम आदि का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है। ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने कहा कि योग वह प्रकाश है जो एक बार जला दिया जाए तो कभी कम नहीं होता, जितना अच्छा आप अभ्यास करेंगे लौ उतनी ही अच्छी प्रज्ज्वलित होगी।



**भिवानी।** योगाभ्यास करते बीके भाई बहन व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

### सकारात्मक चिंतन की आवश्यकता

योग शिक्षक कविता दगड़ौली ने कहा कि अगर हम स्वयं व समाज को श्रेष्ठ बनाना चाहते हैं तो हमें सकारात्मक चिंतन की आवश्यकता है और वह योग से ही संभव है, क्योंकि योग हमें कठिनाइयों का सामना करने की शक्ति देता है और उनको दूर करने का तरीका भी सिखाता है। इस मौके पर आयुष योग सहायक मित्रसेन कविता दगडोली, सरमेंदर आदि ने अंतरराष्ट्रीय योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया और कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है और वह योग व राजयोग से संभव है।

## खबर संक्षेप

### इंसान को खत्म कर रहा नशाः शिवकुमार सैनी

**बवानीखेड़ा।** कस्बे के थाना प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सैनी ने बताया कि नशा इंसान को तो खत्म करता ही है उसके साथ उसके परिवार को भी कंगाली के कगार पर ला छोड़ता है। इसलिए हमें नशा नहीं करना चाहिए। उक्त कथन थाना प्रभारी मंगलवार समय कस्बे के दादी गोरी मंदिर के पास कस्बा वासियों व पार्षदों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि नशे के चलते कई परिवार खत्म हो चुके हैं। इसलिए हमें नशा नहीं करना चाहिए। नशे के चलते इंसान गलत रास्ते पर पड़ता है। वह खून खराबा डाके चोरी आदि बुरे रास्ते पर चलता है। थाना प्रभारी ने बताया कि नशा करने वाला व्यक्ति किसी का नहीं होता। वह केवल नशे तक ही सीमित हो जाता है। उसका परिवार माता-पिता बीवी बच्चे यहां तक कि वह स्वयं से भी खत्म हो जाता है। इसलिए हमें नशे को छोड़कर सामाजिक कार्य में भाग लेना चाहिए।

### सांसद किरण चौधरी होंगी मुख्य वक्ता : वर्मा

**भिवानी।** भारतीय जनता पार्टी के सुशासन मे विकसित भारत का अमृत काल, सेवा, सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष विषय पर मीटिंगों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्थानीय पंचायत भवन में 18 जून को सांय 4 बजे भाजपा लीगल सैल की प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य वक्ता राज्यसभा सांसद किरण चौधरी, दादरी पूर्व जिला अध्यक्ष किरण कलकल व भिवानी जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक शिरकत करेंगे। यह जानकारी भाजपा लीगल सैल के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता दिनेश वर्मा ने दी।

### मास्टर धर्मपाल श्योराण के निधन पर शोक जताया

**बाढडा।** गांव डालावास निवासी मास्टर धर्मपाल श्योराण का निधन हो गया। उनके निधन पर अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंच कर गहरी संवेदना प्रकट की। मास्टर धर्मपाल श्योराण के निधन पर विधायक उमेद पातुवास,भाजपा जिलाध्यक्ष इंजीनियर सुनील हड़ौदी, पंचायत समिति चेयरमैन प्रतिनिध आनंद फौजी, मास्टर नंदलाल पंचगावां, राजकुमार जेवली, अनेश जगरामबास, जगजीत डालावास आदि ने उनके आवास पहुंच कर गहरी संवेदना प्रकट की।

### रत्नकौर ने रविदास मंदिर में किया पौधरोपण

**बाढ़ड़ा।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और जन्मदिन जैसे व्यक्तिगत अवसरों को सामाजिक सरोकार से जोड़ने की प्रेरणादायक मिसाल पेश करते हुए ,स्टैंड विद नेचर संस्था की राष्ट्रीय परिषद सदस्य रत्नकौर जगरामबास ने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कस्बे के रविदास मंदिर परिसर, बाढड़ा में पौधरोपण किया। इस अवसर पर स्थानीय पर्यावरण प्रेमियों, युवाओं व समाजसेवियों की उपस्थिति रही। पौधरोपण केवल एक प्रतीकात्मक गतिविधि न होकर जलवायु परिवर्तन की विकराल होती चुनौती के प्रति एक संकल्प भी था। क्षेत्रीय अभियानों को विस्तार देने की रणनीतिः विद्यालयों, मंदिरों व सार्वजनिक स्थलों में पौधरोपण और 1लाईमेट वॉक आयोजित करने पर सहमति बनी।

### छात्र नेताओं ने राज्यपाल के नाम मांगपत्र सौंपा

# लाठीचार्ज के विरोध में इनसो ने सीबीएलयू को जड़ा ताला

**विद्यार्थियों के हितों की आवाज दबाने के लिए लाठी-डंडों का सहारा लेना शर्मनाक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार (एचएयू) में छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार को इनसो छात्र नेताओं ने शहर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए स्थानीय चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ा तथा जमकर नारेबाजी की। इसके उपरांत छात्र नेताओं ने उपायुक्त के माध्यम से हरियाणा के राज्यपाल के नाम मांगपत्र सौंपकर लाठीचार्ज के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग भी की। इस मौके पर इनेसो के पूर्व जिला अध्यक्ष सेठी धनाना ने छात्र अपनी छात्रवृत्ति की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन एचएयू प्रशासन द्वारा छात्रों के हितों की आवाज को दबाने के लिए उन पर लाठीचार्ज के आदेश दिए। जो कि ना केवल अमानवीय है, बल्कि यह लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन भी है। उन्होंने कहा कि बहुत से विद्यार्थी ऐसे है, जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है तथा छात्रवृत्ति ही उनकी पढ़ाई सुचारू रखने का एकमात्र माध्यम है। लेकिन इसके बावजूद भी उनकी छात्रवृत्ति में कटौती कर दी गई, जिसके विरोध में अपनी आवाज उठाने पर छात्रों पर लाठीचार्ज जैसी दमनकारी कार्रवाई अपनाई गई। छात्र नेता नितिन सैन ने कहा कि छात्रों की मांगें पूरी तरह से जायज हैं। यदि कोई नीति गरीब और मेहनती छात्रों को छात्रवृत्ति से वंचित करती है तो उसका विरोध होना स्वाभाविक है। लेकिन उसका जवाब लाठी और डर के जरिए देना बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि इनसो छात्र हित को लेकर हमेशा प्रतिबद्ध रही है तथा उनके हित की लड़ाई मजबूती से लड़ी है। अबकी बार भी लाठीचार्ज के शिकार हुए छात्रों को न्याय दिलाने में इनसो किसी भी संघर्ष से पीछे नहीं हटेगी।



**भिवानी।** एचएयू में विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज के विरोधास्वरूप सीबीएलयू के गेट पर तालाबंद करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

#### प्रदर्शन में ये रहे मौजूद

छात्र नेता मोहित आसलवास ने कहा कि इनसो चेतावनी देती है कि यदि दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसरप र विकास, प्रमोद, संकेत, अजय, विकास, नितेश, मोहित, संकल्प, अजय, सूरज, आशीष, सोहिल, संदीप, अजय, प्रवीण, रोहित, भूपेंद्र, हितेश, साक्षी प्रियंका, मोनिका, पूजा, कृतिका, सलोनी सहित अन्य छात्र नेता मौजूद रहे।

#### रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने विद्यार्थियों पर लाठीचार्ज को बताया गलत

**भिवानी।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा ने चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय में न्यायोचित मांगों के लिए आन्दोलनरत विधार्थियों पर लाठीचार्ज करने उनके विरुद्ध नाजायज केश दर्ज करवाने की निन्दा की। राज्य प्रधान वजीर सिंह, महासचिव रतन कुमार जिन्दल, जिला भिवानी के प्रधान नरेश शर्मा, सचिव राजबीर कादयान, वित सचिव चन्द्रभान निहारिका ने सामूहिक रूप से प्रैस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि एएचयू के विधार्थियों द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बलदेव राज कंबोज ने प्रशासन से मिलकर जो हमला करवाया है, को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाना चाहिए। विद्यार्थियों पर जानलेवा हमला करने वाले प्रोफेसर को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया जाए और जो यूनिवर्सिटी कैलेंडर के नियमों में विधार्थी विरोधी बदलाव किए गए हैं।

# पांच दिवसीय योग अभ्यास शुरू

- बाल साधकों को दिया योगासनों से निरोगी काया बनाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



जिला प्रशासन व प्रधानमंत्री के आह्वान पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में विवेकानंद हाई स्कूल में सदाचारी शिक्षा समिति एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के तत्वावधान में पांच दिवसीय योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। विद्यालय की निदेशक सावित्री यादव ने योग शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के पहले दिन राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने ब्लैक बोर्ड पर योग से संबंधित संदेशात्मक स्लोगन व रेखाचित्र बनाकर योग का महत्व दर्शाया।

भारद्वाज ने कहा कि उनका उद्देश्य विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों को योग के प्रति जागरूक करना और उन्हें नियमित योग की प्रेरणा देना है। कार्यक्रम गर्मियों की छुट्टियों में घर पर रह रहे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया, ताकि वे भी योगाभ्यास से जुड़कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने चक्रासन, अर्ध चक्रासन, गरुड़ासन, मयूरासन सहित अनेक योगासन किए और इनसे होने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में जानकारी दी।

## नगर आयुक्त गुलजार मलिक के जन्मदिन पर किया पौधा रोपित

- जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक ने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भाजपा स्वच्छता विभाग के जिला संयोजक रमेश सैनी व पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार ने भिवानी नगर परिषद के जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक के जन्मदिन पर मंगलवार को नगर परिषद प्रांगण में पौधारोपण किया तथा उपस्थित सभी को जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया। वही रोपित किए गए पौधें के संरक्षण की जिम्मेवारी जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक ने ली।



**भिवानी।** नगरपरिषद परिसर में पौधारोपित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

इस मौके पर जिला नगर आयुक्त गुलजार मलिक ने उनका जन्मदिन पर्यावरण संरक्षण के रूप में मनाने पर आभार जताते शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने का संकल्प लिया।

### योगेंद्र सोनी युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव बने

**भिवानी।** अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा करवाए गए हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव में भिवानी के योगेंद्र सोनी को प्रदेश महासचिव चुना गया है। गौरतलब है कि मार्च में युवा कांग्रेस के चुनाव ऑनलाइन संपन्न हुए थे सोमवार को जारी चुनाव परिणाम में भिवानी के योगेंद्र सोनी को हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव के पद पर भी रह चुके है। नवनियुक्त प्रदेश महासचिव योगेंद्र सोनी ने अपनी नियुक्ति पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान आदि का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा उन पर व्यक्त किए गए विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

# कांग्रेस चुनावः सोमवीर समर्थकों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढड़ा

अखिल भारतीय युवा कांग्रेस के प्रदेश से लेकर खंड स्तर के चुनावों का सोमवार शाम को परिणाम जारी किया गया है जिसमें चरखी दादरी जिले से जिला स्तर व सभी हल्का अध्यक्ष व खंड अध्यक्ष पदों पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा समर्थक पूर्व विधायक सोमवीर सिंह के नजदीकियों ने बाजी मारी है।

अध्यक्ष सूची जारी होते ही उनके समर्थकों ने चयनित पदाधिकारियों को बधाई दी तथा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पूर्व विधायक सोमवीर सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद, सांसद दीपेंद्र हुड्डा का आभार जताया है। युकां के पूर्व अध्यक्ष समीर शयोराण व पूर्व सरपंच सुरेश धनासरी ने बताया कि अखिल भारतीय युवा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी मे दीपक छप्पार को युवा कांग्रेस चरखी दादरी जिला अध्यक्ष, प्रदीप आर्यनगर को बाढड़ा हल्का अध्यक्ष, सोनू कुमार को बाढड़ा खंड अध्यक्ष, हर्ष कुमार को झोझू खंड अध्यक्ष, मोहित कुमार को कादमा खंड अध्यक्ष बनाया गया। एआईवाईसी द्वारा पारदर्शी तरीके से जमीनी स्तर के युवा ऊर्जावान चेहरों को युवा कांग्रेस मे शामिल कर ऐतिहासिक फैसला लिया है।

#### युकां के जिलाध्यक्ष सहित खंडों के नवनिर्वाचित अध्यक्षों ने सोमवीर श्योराण से आशीर्वाद लिया

पूर्व विधायक व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सोमवीर सिंह ने युवा कांग्रेस के सभी अध्यक्षों का मुह मीठा करवा कर बधाई देते हुए कहा कि देश व प्रदेश सरकार ने अच्छे दिन लाने के नाम पर युवाओं से छलावा किया है। ना तो देश व प्रदेश से बेरोजगारी दूर हो पाई है वहीं चयनित युवाओं को बार बार सूचि में बदलाव कर स्थाई रोजगार से अस्थाई कर्मचारी के रुप में रखने का दावा किया जा रहा है जो न्यायसंगत नहीं है। हर तरह के पेपर आऊट हो रहे हैं वहीं हरियाणा पुलिस की भर्ती के चुनावों से ठीक पहले जारी कर अब वापस लेने से युवाओं में हताशा का माहौल है और वह कांग्रेस के पक्ष में लामबंद हो रहे हैं। उन्होंने अखिल भारतीय युवा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी में नवचयनित युवा कांग्रेस चरखी दादरी जिला अध्यक्ष दीपक सांगवान, बाढड़ा हल्का अध्यक्ष प्रदीप आर्यनगर, बाढड़ा खंड अध्यक्ष सोनू कुमार, झोझू खंड अध्यक्ष हर्ष कुमार, कादमा खंड अध्यक्ष मोहित कुमार इत्यादि सभी नवचयनित पदाधिकारियों को बधाई दी।

# विदित इलेवन 41 रन से जीतकर बनी चैंपियन

- कप्तान विदित ने चार ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जिला क्रिकेट एसोएशिन द्वारा पब्लिक स्कूल बाल भवन में जिला क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके अंडर 12 वर्ष के फाइनल मैच में विदित इलेवन की टीम ने कार्तिक इलेवन की टीम को 41 रन से हराया।

विदित इलेवन की टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 107 रन बनाए। विदित इलेवन की टीम की तरफ से कप्तान विदित ने 37 गेदों में 44 रन बनाए, तन्मय खन्ना ने 12 रन बनाए, शेखर ने 10 रन बनाए। कार्तिक इलेवन की तरफ से लक्ष्य ने 4 ओवर में 14 रन देकर दो विकेट ली, आरव ने दो विकेट, सोयम ने 4 ऑवर में 21 रन देकर 3 विकेट तथा दक्ष ने एक विकेट ली। कार्तिक इलेवन की टीम 16 ओवर में 66 रन बनाकर आऊट हो गई। कार्तिक इलेवन की तरफ से आरव ने 26 रन तथा कार्तिक ने 15 रन बनाए, विदित इलेवन की तरफ से हृदय ने दो विकेट, कप्तान विदित ने चार ओवर में 11 रन देकर 3 विकेट ली, युवराज ने 3, शेखर 2 विकेट ली। इसी प्रकार अंडर 12 आयु वर्ग में विदित इलेवन प्रथम रही, कार्तिक इलेवन उपविजेता रही।



**भिवानी।** विजेता टीम को पुरस्कृत करती प्राचार्या मंजूषा महता, पूर्व जिला खेल अधिकारी दर्शन कुमार मिड्ढा। *फोटो : हरिभूमि*

#### विदित बेस्ट आलराउंडर चुने

अंडर 12 में बेस्ट आलराउंडर विदित वत्स तथा बेस्ट बॉलर हृदय व बेस्ट बेटस मैन शेखर रहे। अंडर 15 आयुवर्ग में फाइनल मैच में जो परी इलेवन व युवराज इलेवन में खेला गया। मैच में परी इलेवन ने पहले बल्लेबाजी कर 25 ओवर में 163 रन बनाए, परी इलेवन की तरफ से अक्षत सिंह ने शानदार बल्लेबाजी कर 80 गेंद्धों में 173 रन बनाए, वागीश अरोड़ा ने 33 रन, दक्ष ने 15 रन बनाए। युवराज इलेवन की तरफ से अभिषेक ने दो विकेट व अभय मलिक ने एक विकेट लिया। युवराज इलेवन की पारी का केवल एक ओवर हुआ था कि बारिश शुरू हो गई, इससे मैच पूरा नहीं हो सका, इसलिए दोनों टीमों को विजेता घोषित किया गया। अंडर 15 आयुवर्ग में बेस्ट आलराउंडर परी, बेस्ट बॉलर मानवी व बेस्ट बेटस मैन रजत समोता रहे।

# नशे के प्रति जागरूकता की दिलवाई शपथ

- शारीरिक, मानसिक, सामाजिक व आर्थिक नुकसान करता है नशा : एसएचओ सत्यनारायण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

युवाओं को नशे से दूर रखते हुए नशामुक्त समाज की परिकल्पना को पूरा करने के उद्देश्य से महात्मा ज्योतिबा फूले धर्मार्थ ट्रस्ट ने नशामुक्त हरियाणा संकल्प अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश सैनी के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया जाता है।

मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नशामुक्त हरियाणा संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बतौर मुख्य वक्ता सिटी थाना एसएचओ सत्यनारायण ने शिरकत की। इस मौके पर उपस्थित विद्यार्थियों व शिक्षकों को नशे से दूर रहने व इसके प्रति अन्य लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य वेदप्रकाश ने की। कार्यक्रम में पहुंचने पर विद्यालय स्टाफ ने सिटी थाना एसएचओ व संगठन के सदस्यों का स्वागत किया। एसएचओ सत्यनारायण ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और आर्थिक रूप से भी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाता है। वहीं नशा अपराध की भी जड़ है। उन्होंने युवाओं को नशे से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि नशे की लत पूरे परिवार को भी बर्बादी की ओर ले जाती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशा जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहते अपने परिवार व राष्ट्र की तरक्की में अपना पूरा ध्यान लगाएं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य युवाओं को नशा जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है।



**भिवानी।** एसएचओ सत्यनारायण को स्मृति चिन्ह भेंट करते शिक्षक व अन्य।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एएसआई विरेंद्र सिंह, प्रदीप, उमेश, सुभाष, राजकुमार, विकास, रेनू कंप्यूटर, सुनील सैनी, उमेश सैनी सहित समस्त स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# कौशल बढ़ाने के लिए प्रेरित किया

- सीबीएलयू में द आर्ट ऑफ फैशन कांसेप्ट एंड क्रिएशन पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय (सीबीएलयू) के फैशन डिजाइनिंग विभाग द्वारा द आर्ट ऑफ फैशन कॉन्सेप्ट एंड क्रिएशन विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी की अध्यक्षता में हुआ। कार्यशाला 17 जून से 1 जुलाई तक चलेगी। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों में विभिन्न सतहों पर पेंटिंग की कला का विकास करना है, जो फैशन डिजाइन व वस्त्र नवाचार के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कार्यशाला का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. भावना शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रही। प्रोफेसर धर्माणी ने कौशल विकास और रचनात्मकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला के संयोजक डॉ. विपिन जैन, डीन, मानविकी संकाय एवं अध्यक्ष, फैशन डिज़ाइनिंग विभाग ने प्रतिभागियों को कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए फैशन डिजाइनिंग की स्किल्स बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। डॉ जैन ने कहा कि फैशन डिजाइन के क्षेत्र में छात्र/छात्राये अपनी रुचि एवं स्किल्स के अनुसार करियर बना सकते हैं। कार्यशाला की आयोजन सचिव डॉ. सोनिका, प्रभारी, फैशन डिजाइनिंग विभाग तथा संयुक्त सचिव डॉ. सोनिया, समन्वयक, फैशन डिजाइनिंग विभाग ने सभी प्रतिभागियों को कार्यशाला के दौरान अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में देशभर से 25 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यशाला की मुख्य वक्ता चौधरी देवीलाल विवि सिरसा से डॉ. गुरप्रीत कौर भुल्लर ने विद्यार्थियों को फैशन डिजाइनिंग में द आर्ट ऑफ फैशन कॉन्सेप्ट एंड क्रिएशन पर विस्तृत जानकारी दी।



**भिवानी।** मुख्य वक्ता डॉ. गुरप्रीत कौर भुल्लर को पौधा भेंट करती प्रोफेसर दीप्ति धर्माणी व डॉ. भावना शर्मा।

# नशे से दूर रहकर योग को अपनाएं

- 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की रिहर्सल आयोजित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

उपायुक्त मुनीश शर्मा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विभाग द्वारा जिला स्तरीय 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस रिहर्सल का आयोजन किया, जिसमें महिला जिला कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारण ने जिले की हर महिला से योग कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर कर भागीदारी की अपील की। योग कार्यक्रम में 3 से 6 वर्ष के बच्चों, किशोरी लड़कियों, महिलाओं व गर्भवती व दूध पिलाने वाली माताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि जिला परिषद चेयरमैन मनदीप डालावास ने शिरकत कर योग क्रियाओं को जीवन का आवश्यक क्रिया बताया। चेयरमैन ने संबोधित करते हुए कहा कि योग से बीमारियों से दूर रहा जा सकता है।



आज भारत देश से संसार भर को योग के माध्यम से बताया है कि किस प्रकार तन मन को स्वस्थ रखा जा सकता है, इसलिए अपने स्वास्थ्य को सही रखने के लिए हमें नियमित रूप से योग करना चाहिए। अपने जीवन में योग को अपनाकर ही आज की युवा पीढ़ी नशे से दूर रहकर योग को अपनाएं, जिससे उनका स्वास्थ्य ठीक रहे। जिला महिला जिला कार्यक्रम अधिकारी गीता सहारण एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीता सांगवान ने दैनिक जीवन में योग का समावेश कैसे करें।

### पुलिस अधीक्षक वर्मा ने ली अधिकारियों की बैठक

# नशा बेचने वालों की प्रॉपर्टी करें अटैचः एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने जिले के सभी डीएसपी, थाना प्रबंधकों, पुलिस चौकी प्रभारियों व पुलिस यूनिट प्रभारियों के साथ मीटिंग की। उन्होंने मीटिंग में उच्चाधिकारियों द्वारा दिए निर्देशों के बारे में अवगत करवाया और उनकी पालना करने के निर्देश दिए। मीटिंग में निर्देश दिए कि नशीले पदार्थ बेचने वालों की पहचान कर उन पर कार्रवाई करें और इनकी प्रॉपर्टी की पहचान कर अटैच की कार्रवाई करें। उन्होंने पूर्व में नशा बेचने वालों की भी जानकारी ली और निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही नशा तस्करों के खिलाफ चल रहे सर्च ऑपरेशन की जानकारी ली। थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों, मामलों का जल्द से जल्द निपटान करें तथा थाना में शिकायत लेकर आने वाले लोगों के प्रति अधिक संवेदनशील होने, उन्हें धैर्यपूर्वक सुनने और उनकी शिकायतों पर पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों को गंभीरता से ले और तुरंत कार्रवाई करें। विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों की धरपकड़ तेज की जाए।



**चरखी दादरी।** जिला पुलिस अधिकारियों की मीटिंग लेते एसपी अर्श वर्मा।

#### हिस्ट्रीशीटर पर लगातार निगरानी रखें

एसपी ने अपराधिक किस्म के व्यक्तियों, हिस्ट्रीशीटर पर लगातार निगरानी रखी जाए और उनको समय-समय पर चैक किया जाए। उद्घोषित अपराधियों व बेल जंपरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर अदालत में पेश किए जाएं। एसपी ने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ शिकंजा कसने के लिए नए लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें पूरा करें। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि अपने थाने के पेंडिंग केस प्रोपर्टी का शीघ्र निपटारा करवाए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डीएसपी धीरज कुमार, डीएसपी सुभाषचंद्र सहित जिले के सभी थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी एवं प्रभारी क्राइम यूनिट आदि उपस्थित थे।